आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 06.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन किया। कर्तव्य भवन–3 व्यापक बदलाव के बाद बने सेंट्रल विस्टा का हिस्सा है। ये भवन लगभग डेढ़ लाख वर्ग मीटर में स्थित आधुनिक सात मंजिला कार्यालय परिसर है। इसमें गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित प्रमुख मंत्रालय और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय होंगे।

00000

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसके बाद अब स्थायी जमा सुविधा दर 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर 5 दशमलव सात–पांच प्रतिशत रहेगी। यह निर्णय फरवरी से अब तक की गई सौ आधार अंकों की कटौती के बाद और आगामी त्योहारों से पहले लिया गया है। भारतीय आयात पर अमरीका के शुल्क बावजूद शीर्ष बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के सकल घरेलू विकास अनुमान को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2026 के लिए मुद्रास्फीति 3 दशमलव 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

00000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सवाईमाधोपुर में आज जिले में कई स्थानों पर तिरंगा यात्राएं निकाली जायेगी। इनमें जनप्रतिनिधि और आम लोग भाग लेंगे। जालौर में स्कूलों में तिरंगा रंगोली बनाकर विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। पाली में भी आज सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली बनायी गई। भरतपुर में तिरंगा थीम पर कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जा रही है। अभियान के तहत लोग तिरंगे के साथ अपनी सैल्फी अपलोड कर रहे है।

00000

संस्कृति और पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली में ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। श्री शेखावत ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल कलाकृतियों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि देश के उदीयमान और स्थापित कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक जीवंत सांस्कृतिक मंच है। इस वर्ष पहली बार प्रदर्शनी में पुरस्कार विजेता कलाकृतियाँ बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। उधर 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के लिये प्रदेश के कलाकार जयपुर स्थित राजस्थान ललित कला अकादमी कार्यालय में अपनी कलाकृतियां 17 सितम्बर तक जमा करवा सकते हैं। अकादमी की वेबसाईट से वार्षिक कला प्रदर्शनी के आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। इस वार्षिक कला प्रदर्शनी में प्राप्त कलाकृतियों में से निर्णायक मण्डल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ 10 कलाकृतियों को 25–25 हजार रूपये के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

0000

जैसलमेर आज अपना 870वां स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना दिवस पर आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सोनार दुर्ग स्थित स्वांगिया जी देवी मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके साथ ही दुर्ग राजमहल की छत पर ध्वज पूजन किया गया। दुर्ग के अखे चौक में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। थार हेरिटेज म्यूजियम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। वहीं आज संग्रहालय में पर्यटकों और आमजन के लिए निशुल्क प्रवेश रखा गया है।

00000

प्रदेश मे पूर्वी इलाकों में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गयी। वहीं पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 2 सेंटीमीटर बारिश कोटा के दीगोद में दर्ज की गयी। विभाग ने पूर्वी राजस्थान में अगले दो तीन दिन छुटपुट स्थानों

पर बारिश की संभावना जतायी है। वहीं राज्य के पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। 8 अगस्त से प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने की संभावना है।
8 से 12 अगस्त के बीच भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

0000

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थानों के लिए अपने क्षेत्र से संबंधित यूपीएससी भर्ती विज्ञापनों के बारे में सीधे ईमेल अलर्ट प्राप्त करने की एक नई सुविधा शुरू की है। नई आउटरीच नीति के तहत, ईमेल अलर्ट सेवा की सदस्यता लेने के इच्छुक संस्थान यूपीएससी की वेबसाइट पर अनुरोध भेज सकते हैं।

0000